कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अम्बेडकर नगर

पत्रांक सं0 1122 सी0एफ0ओ0 / विद्यालय / भ0नि0 / 2022 दिनांक: 25-07-2022

UID. 2022/48594/ABN/Ambedkar Nagar/151/CFO

सेवा में,

स्वामी / प्रवन्धक,
सेन्ट जेवियर्स स्कूल,
बहरामपुर रामनगर, अम्बेडकरनगर।

विषयः– मा0 न्यायालय में योजित जनहित याचिका संख्या 483 / 2004 अवनीश मेहरोत्रा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में पारित मा0 न्यायालय के आदेश दिनांक– 13.04.2009 के अनुपालन में स्कूलों / कालेजों में अग्निशमन सुरक्षा की व्यवस्था किये जाने के सम्बंध में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था प्रमाण पत्र का निर्गत किया जाना।

संदर्भ– आवेदक सेन्ट जेवियर्स स्कूल, बहरामपुर, अम्बेडकर नगर के प्रार्थना पत्र दिनांक 22.07.2022 के क्रम में अग्नि सुरक्षा की दृष्टिकोण से अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त विद्यालय भवन का निरीक्षण एवं मानचित्र का परिशीलन अग्निशमन अधिकारी श्री जसवंत सिंह द्वारा अम्बेडकरनगर द्वारा किया गया जो निम्नवत् हैः–

(क) <u>भवन की संरचनाः–</u>

1. विद्यालय का कुल प्लाट एरिया 8250 वर्ग मी0 है।
2. भूतल कवर्ड एरिया 1673.33 वर्ग मी0 है।
3. विद्यालय परिसर / भवन के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन नही गई है।

(ख) <u>भवन का अधिभोग एवं हेजार्ड श्रेणीः–</u> विद्यालय भवन का अधिभोग एन0बी0सी0 2016 के अन्तर्गत शैक्षिक समूह बी0–1 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

(ग) <u>ढांचागत व्यवस्थाः–</u>

पहुँचमार्गः– विद्यालय भवन तक फायर सर्विस की गाड़ी सुगमतापूर्वक पहुँच सकती है।

सेटबैकः– भवन नियमावली के अनुसार सेट बैक उपलब्ध है सेट बैक सदैव अवरोध मुक्त रखे जायेगे।

(घ) <u>उपलब्ध अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएंः–</u>

1. प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्स्टिंगग्यूसर) 2190 के अनुसार प्रावधान किये गये है, जो मानक के अनुरूप है।
2. विद्यालय भवन में आपातकालीन टेलीफोन नं0 101, 100 तथा सी0यू0जी0नं0 9454418722–23 पट्टिका पर अंकित किया गया है।
3. होजरील–अवांछित है चूँकि भवन भूतल का बना है।
4. टेरिस टैंक अवांछित है चूँकि भवन भूतल का बना है।

5. टेरिस पम्प अवांछित है चूँकि भवन भूतल का बना है।
6. वेटराइजर– अवांछित है चूँकि भवन भूतल का बना है।

प्रमाणित किया जाता है कि स्वामी/प्रबंधक सेंट जेवियर्स स्कूल, बहरामपुर, अम्बेडकरनगर के द्वारा भवन में अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्थायें एन0बी0सी0 एवं तत्सम्बंधी भारतीय मानक ब्यूरो की आई0एस0 के अनुसार भवन में स्थापित व्यवस्थाओं का अनुरक्षण किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार द्वारा दिनांक 24.07.2022 को भवन स्वामी के प्रतिनिधि श्री बुधिराम यादव के साथ किया गया तथा भवन में अधिष्ठापित अग्नि एवं जीवन सुरक्षा व्यवस्थाओं को मानको के अनुसार यथास्थिति मे पाया गया। अतः प्रश्नगत भवन को अग्नि एवं जीव रक्षा प्रमाण पत्र (Fire and Life Safety Certificate) एन0बी0सी0 की अधिभोग श्रेणी शैक्षिक समूह के अन्तर्गत वैधता तिथि 24.07.2022 से 23.07.2025 तक तीन वर्ष के लिए इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि भवन के सभी मानको का अनुपालन किया जायेगा तथा भवन के इस प्रमाण पत्र का नवीनीकरण निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पुनः कराया जायेगा तथा नवीनीकरण से पूर्व भवन में स्थापित अग्निशमन व्यवस्थाओं को क्रियाशील रखने की जिम्मेदारी आप की होगी।

निर्गत किये जाने का दिनांक: 25/07/2022

स्थान– अम्बेडकरनगर

(प्रदीप कुमार)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
अम्बेडकरनगर।